अभिभावक–प्राध्यापक बैठक

अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ के संभाग प्रथम के सभागार में दिनांक 10–04–2016 को प्राचार्य डॉ० कृष्ण कान्त गुप्ता की अध्यक्षता में अभिभावक–प्राध्यापक बैठक का आयोजन किया गया. इस बैठक का संचालन गणित विभाग के अध्यक्ष डॉ० के.एल. कौशिक ने किया. सर्वप्रथम अभिभावकों द्वारा प्राचार्य महोदय का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया. तत्पश्चात डॉ0 के.एल. कौशिक ने महाविद्यालय के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए भावी सत्र में प्रारम्भ होने वाले पाठ्यक्रमों (एम.एस.सी. रसायनशास्त्र, एम.ए. अंग्रेजी, बी.एस.सी. आनर्स गणित) के बारे में बताया. बैठक में महाविद्यालय के तीनों संभागों के विभिन्न विषयों व संकायों के विभागाध्यक्ष उपस्थित थे. इस बैठक में विद्यार्थियों के अभिभावकों ने उत्साह से भाग लिया व महाविद्यालय की कार्य–प्रणाली में विशेष रूचि दिखाते हुए महाविद्यालय के प्राध्यापकों, प्रशासनिक कार्यों और अनुशासन की प्रशंसा करते हुए श्री किशोर कुमार कौशिक, श्री जयाराम वशिष्ठ, श्री विजय पाल, श्रीमती सुधा मंगला, डॉ0 तुलसी दास, श्री प्रमोद कुमार इत्यादि ने कुछ सुझाव दिए. प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता ने सभी को संबोधित करते हुए एवं समाधान देते हुए बताया कि गुणवत्ता मंज़िल नहीं, एक अनन्त यात्रा है, इसी आधार पर सुझाव माँगे जाते हैं और सुझावों से ही विकास की गति तीव्र होती है. उन्होंने खेत और दीपक का दृष्टान्त देते हुए बताया कि यदि शिक्षण संस्थाओं का यदि समय समय पर विश्लेषण न हो तो विकास रुक जाता है. उन्होंने बताया कि शिक्षण संस्था को बेहतर बनाने में कॉलेज प्रशासन और अभिभावकों का पारस्परिक सहयोग अनिवार्य है. अतः प्राचार्य महोदय ने अभिभावकों द्वारा दिए गए सुझावों का सम्मान करते हुए यह आश्वासन दिया कि कॉलेज व विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए निकट भविष्य में इन सुझावों पर अमल किया जाएगा. दिए गए सुझावों मे कुछ ऐसे थे जिन पर पहले ही अमल किया जा रह है–जैसे व्यावसायोपयोगी पाठ्यक्रम व रोज़गारोन्मुख कार्यक्रम और कक्षाओं में आई.सी.टी. और स्मार्ट बोर्डस का प्रयोग आदि. स्नातकोत्तर के पश्चात विद्यार्थियों को नेट की कोचिंग भी दी जा रही है ताकि विद्यार्थियों को डिग्री प्राप्त करने के बाद उचित रोज़गार मिल सके.